## *World Population Day Rally*

नवदुनिया
www.naidunia.com
भोपाल, रविवार 20 जुलाई 2014




**रैली में शामिल हुई छात्राएं**

सीहोर ब्यूरो। समन्वय भवन से भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय की रासेयो स्वयं सेवक की छात्राएं शामिल हुईं। इस दौरान सरिता नरपाये, मंजू राजपूत, रजनी मालवीय, सरोज दांगी, राजेश्वरी, पूजा विश्वकर्मा, किरण सूर्यवंशी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सहभागिता की।

हरिभूमि
सीहोर भूमि
भोपाल, रविवार, 20 जुलाई 2014

**जागरूकता कार्यक्रम**




सीहोर। गुरुवार को समन्वय भवन भोपाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय की रासेयो स्वयंसेवक कु. सरिता नरपाये, मंजू राजपूत, रजनी मालवीय, सरोज दांगी, राजेश्वरी, पूजा विश्वकर्मा, किरण सूर्यवंशी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सहभागिता की।

# *N.S.S. Orientation Program*

13.8.14




N.S.S. का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

13.8.14




N.S.S. का उन्मुखीकरण कार्यक्र

# *N.S.S. Foundation day*

राज एक्सप्रेस
25-9-14

## रासेयो ने मनाया स्थापना दिवस

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना का 46वां स्थापना मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने श्रमदान की अभिनव पहल करते हुए छात्राओं ने श्रमदान की अभिनव पहल करते हुए महाविद्यालय में रोपे गए पौधों में क्यारियों का निर्माण कर तथा महाविद्यालय प्रांगण की सफाई कर मेरा महाविद्यालय मेरी शान का उद्देश्य सफल किया। साथ ही समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी बुराई पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत करते हुए दहेज न लेना व न देने की शपथ भी ली। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की कप्तान कु. मेघा परमार व रासेयो प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# *International Senior Citizen Day*

22 | नवदुनिया | भोपाल, गुरुवार 02 अक्टूबर 2014

## अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर फल वितरण किए

सीहोर(ब्यूरो)। बुधवार को शासकीय कन्या महा विद्यालय सीहोर की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्रि एवं स्वय सेवकों द्वारा वृद्ध आश्रम सीहोर में वृद्धजनों को फलों एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। छात्राओं ने उनके समक्ष जाकर उनसे बात की तथा उनकी समस्याओं को जाना छात्राओं ने वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उर्वशी, सोनाली चौहान, पल्लवी, प्रिती राठौर एवं कई छात्राएं मौजूद थी।

## *Run for Unity*

Run for unity – 31·10·15





# *Activities on AIDS day*

बुधवार 02.12.2015 पत्रिका **सीहोर-आसपास**

विश्व एड्स दिवस

### विद्यार्थियों ने निकाली जनजागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का मंचन किया

# नुक्कड़ नाटक कर लोगों बताए एड्स के खतरे

**सीहोर @ पत्रिका**

mp.patrika.com

विश्व एड्स दिवस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स बीमारी को लेकर जागरूकता का पाठ पढ़ाया। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम शाखा तथा रेड रिबन क्लब की ओर से छात्र-छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकालकर एड्स जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति चंद्रशेखर आजाद शासकीय पीजी कॉलेज एवं शास उत्कृष्ट उच्च माध्य विद्यालय सीहोर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रस्तुत की गई।

जागरूकता रैली अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से रवाना होकर कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, गांधी रोड, तहसील चौराहा, लिसा टॉकीज होते हुए जिला अस्पताल सीहोर में पहुंचकर एनएसएसपीजी कॉलेज एवं उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के साथ सपन्न हुई। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में एड्स विषय पर परिचर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आरके गुप्ता, जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. दीलीप कटेलिहा, सिविल सर्जन डॉ. जीसी जोशी, पैथालॉजिस्ट डॉ. पीएस आर्मो, डीपीएचएन गायत्री राव, डिप्टी मीडिया ऑफिसर उमा अवस्थी, आर्टिस्ट आरके तुली, अर्बन स्वास्थ्य कार्यक्रम से स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजुलता भार्गव, एड्स नियत्रण कार्यक्रम के सलाहकार श्री तिग्गा, पुष्पा साहू, तकेसिंह सहित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षु छात्राओं सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्राम जताखेड़ा एवं बिजौरी में भी नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की सफलता के लिए एनएसएस अधिकारी देवेन्द्र कुमार राय, दिनेश शर्मा, कलावती जाटव, मेघा परमार, शशांक मोहित विश्वकर्मा, स्वयं सेवी संस्था नशा मुक्ति केन्द्र से कृष्णकांत विश्वकर्मा, चैतन्य महाप्रभु संस्था से विनोद राजपूत, पीजी कॉलेज से गौरा, रूप कुमार, गर्ल्स कॉलेज से सुश्री मंजरी अग्निहोत्री इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया।



**सीहोर.** विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली निकालकर एड्स के बारे में समझाइश दी देते विद्यार्थी।

### 250 बच्चों ने लिया भाग

सीएमएचओ डॉ आरके गुप्ता ने जानकारी दी कि विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली में विभिन्न शासकीय स्कूलों के करीब 250 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस संबंध में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. दिलीप कटेलिहा ने बताया कि भारत उन देशों में शामिल है, जहां अभी एचआईवी संक्रमित एक प्रतिशत से कम लोगों को ही एआरटी सुविधा मिल पाती है। इसके साथ ही दवाओं की कमी की अलग समस्या तो है ही। सीएमएचओ डॉ. गुप्ता ने एड्स से बचाव पर जोर देते हुए इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि एड्स को होने ही न दिया जाए इसके लिए जानकारी ही बचाव है। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क ग्रुप में सुईयों के जरिए नशे के आदी लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंध करने वाले लोग भी शामिल होते हैं।

26

## *Program on voter awareness*

मतदाता हस्ताक्षर अभियान 21.12.15




हस्ताक्षर अभियान 21.12.15



## *Lecture on Yatayat Saptah*

यातायातसप्ताह - 12·1·16





# *International Yoga day*

पत्रिका सीहोर

बुधवार . 22. 06. 2016



बुधनी में योग करने जन समुदाय उमड़ा।

## सिद्दीकगंज में बताई योग की क्रियाएं

गांव के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में योग दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर योग प्रभारी ने योग की क्रियाओं के बारे में बताया तथा इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस अवसर पर एसएल खरतिया, डीपी करोड़िया, गजराज सिंह राठौर, मनोज चौरसिया, गोपाल सिंह, मुकेश कुमार, लक्ष्मीनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार सेवदा, बापचा बरामद, खाचरोद, रोलागांव सहित अन्य जगहों पर भी योग दिवस मनाया।

## कन्या कालेज में हुआ आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में द्वितीय अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने योग अभ्यास किया। कार्यक्रम रासेयो प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं क्रीडा अधिकारी रवि विरहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें स्टाफ के डॉ. अमोल मांजरेकर, डॉ सुधा लाहोटी, डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ. ऊषा शर्मा, डॉ.जोएल जैन, एवं ग्रंथपाल डॉ. राकेश खरे मौजूद थे।

## नेहरू युवा केन्द्र में भी किया योग

नेहरू युवा केन्द्र में आयोजित युवा संसद के दौरान ही योग का आयोजन किया गया। यहां योग गुरू विजय शास्त्री एवं विनोद कोशल द्वारा योग का प्रशिक्षित युवा अपने गाव में योग करायेंगे। कार्यक्रम में मानसिंह सेन, अंशुल मालसार, दीपक श्रीवास्तव, आशीष माहेश्वरी, योगेन्द्र विश्वकर्मा, कमलेश वर्मा, राकेश वर्मा, दिव्य शुक्ला, कलावती जाटव, मोहित का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व आभार नीरज तिवारी ने किया।

## *Yaad Karo Kurbani*

15.8.16 'याद करो कुर्बानी'



स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण



# *Swatchta Abhiyan*

20 नवदुनिया
भोपाल, सोमवार 03 अक्टूबर 2016

## कन्या महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

सीहोर। गांधी जयंती पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत का सपना साकार करने के लिए स्वच्छता अभियान इको क्लब व रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं और स्टाफ को स्वच्छता का व्यवहारिक जीवन में महत्व बताते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद स्टाफ व छात्राओं द्वारा गत्ते के डिब्बों की डस्टबिन बनाते हुए महाविद्यालय परिसर में रखा। छात्राओं ने कक्षाओं की सफाई करते हुए उनको व्यवस्थित रूप से लगाया।

राज एक्सप्रेस
भोपाल
सोमवार, 3 अक्टूबर, 2016

## कन्या महाविद्यालय में वृहद स्तर पर चला स्वच्छता अभियान



सीहोर। रविवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत का सपना साकार करने के लिए स्वच्छता अभियान इको क्लब एवं रासेयो इकाई के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर स पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन तनेजा छात्राओं एवं स्टाफ को स्वच्छता का व्यवहारिक जीवन में महत्व बताते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात संपूर्ण स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा गत्ते के डिब्बों को डस्टबिन बनाते हुए महाविद्यालय परिसर में रखा। इसके साथ ही छात्राओं ने कक्षाओं की सफाई करते हुए उनको व्यवस्थित रूप से लगाया। महाविद्यालय के सायकल स्टैण्ड के टीन शेड पर लगी धूल व कचरे को घनश्याम, मोहन, केशन विश्वकर्मा, जितेन्द्र द्वारा साफ किया गया। संपूर्ण कार्य इको क्लब प्रभारी डॉ.सुधा लाहोटी, रासेयो जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## *Activities on AIDS Day*

mp.patrika.com

पत्रिका : शुक्रवार. 02.12.2016

# लोक नाटक के माध्यम से दिया गया जागरुकता का संदेश





होर@पत्रिका

व एड्स दिवस के लक्ष्य में गुरुवार को र में कई जगह योजन किए गए। जिला रीय मुख्य आयोजन कृष्ट विद्यालय में किया या। यहां जिला करण अधिकारी एस के चंदेल, उत्कृष्ट चार्य आरके बांगरे की मौजूदगी जागरुकता रैली निकाली गई। ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना या। जानकारी देते हुए डॉ. चंदेल बताया कि रैली शहर के तहसील सीहोर, लीसा टाकीज चौराहा हुए जिला चिकित्सालय पहुंची। भोपाल से पहुंचे लोक कला दल के सदस्यों ने लोक नाटकव गीत संगीत की शानदार प्रस्तुती देते हुए एड्स पर जागरुकता का संदेश दिया। अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. गिरीश जोशी, एनएसएस अधिकारी डीके राय, शैलेष कुमार, आरके तुली, पुष्पा साहू, मेघा परमार मौजूद थी।

## *Matdata Jagrukta*

# नवदुनिया सिटी

आष्टा-नसरुल्लागंज-इछावर-बुधनी

भोपाल, गुरुवार 26 जनवरी 2017

### छात्रों को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन बुधवार को हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। इसके बाद रासेयो स्वयं सेवकों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। यह भी बताया कि मतदाता कार्ड का प्रयोग परिचय पत्र के रूप मे भी कर सकते है। इसके अतिरिक्त प्राचार्य व महाविद्यालय से स्टाफ ने खुशबू सोनी, विजयानंद, वर्मा, मंगिता वर्मा आदि को मतदाता परिचय पत्र बांटे। कार्यक्रम जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया, रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

## *Swachchhta pakhwada*

स्वच्छता पखवाड़ा (1.8.17 to 15.8.17)
(शपथ लेते हुए)



व्याख्यान



## *Nadi Sanrakshana*

हरिभूमि

# सीहोर भूमि

भोपाल, शनिवार 2 सितंबर 2017

### नदी जागरूकता अभियान...



सीहोर। नदी जागरूकता अभियान के तहत कन्या कॉलेज की छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला।

# *AIDS Awareness Activities*


नवदुनिया सिटी

आष्टा-नसरुल्लागंज-इछावर-बुधनी

भोपाल, शनिवार 02 दिसंबर 2017


## नुक्कड़ नाटक में बताया एड्स के खतरे से कैसे बचें

### विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, कार्यशाला का आयोजन

सीहोर। नवदुनिया प्रतिनिधि

1 दिसंबर 2017 को विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली ट्रामा सेंटर, जिला चिकित्सालय सीहोर से रवाना होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर पहुंची जहां एड्स नियंत्रण व जनजागरूकता, बचाव पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तहसील चौराहा, लीला टॉकीज चौराहा व जिला चिकित्सालय चौराहा पर नुक्कड़ नाटक माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। जनजागरूकता रैली को जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. पदमाकर त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. एए कुरैशी तथा उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र बांगरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग सहित शासकीय चंद्रशेखर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनजीओ स्वामी चैतन्य महाप्रभु शिक्षा समिति, पीपीटीसीटी, प्लान इंडिया के पदाधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीआर अहिरवार ने बताया कि शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, महाविद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं की विशाल रैली को ट्रामा सेंटर से हरी झंडी दिखाकर डॉ. जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. पद्माकर त्रिपाठी व सिविल सर्जन डॉ. एए कुरैशी व प्राचार्य रवीन्द्र बांगरे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एक जनजागरूकता, एड्स से बचाव व उपचार, सावधानियों से संबंधित कार्यशाला का आयोजन भी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में किया गया। संगोष्ठी में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. त्रिपाठी सहित प्राचार्य रवीन्द्र बांगरे, उत्कृष्ट विद्यालय के एनएसएस प्रभारी डीके राय, एनसीसी प्रभारी अशोक राठौर, पीजी कॉलेज कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर देवेन्द्र बरबडे, कन्या महाविद्यालय से एनएसएस प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जिला मीडिया समन्वयक शैलेश कुमार ने हिस्सा लिया।



सीहोर। नुक्कड़ नाटक माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश देते हुए।

#### एनएसएस इकाई ने प्रस्तुत किया नाटक

शासकीय पीजी कॉलेज सीहोर की एनएसएस इकाई द्वारा कोतवाली चौराहा, लीला टॉकीज चौराहा व तहसील चौराहा पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुती देकर आम लोगों को एड्स से बचाव व जागरूकता की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक दल में पीजी कॉलेज के छात्र मोहित विश्वकर्मा, जया नाथ, कलावती जाटव, शिवानी माहेश्वरी, नीलम गौर, निशिता त्यागी, सुनील भारती, अभिषेक मालवीय, जूही परमार, तनु, रजनी, प्रियंका, अंकित, शिल्पा, विनोद, देवराज एवं कुमार रानी ने लाजवाब प्रस्तुति एड्स जनजागरूकता पर दी।

# *Voter Awareness Activities*

भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2018
haribhoomi.com

## शिविर का आयोजन गोद ग्राम पंचामा में किया

# एक दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन गोद ग्राम पंचामा में किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता अभियान, रक्तदान तथा बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने के लिए प्रेरित करना था।

स्वयं सेवकों द्वारा गांव में रैली का आयोजन किया एवं छात्राओं ने घर-घर जाकर वोटर कार्ड की जानकारी, एक-एक वोट की कीमत, मतदान का महत्व, पल्स पोलियो की आवश्यकता, रक्तदान की उपयोगिता तथा ब्लडग्रुप की जंच की विस्तृत जानकारी दी एवं डाटा एकत्रित किया कि कितने लोगों का वोटर कार्ड नहीं बना है। जिनके नहीं बने उनको ऑनलाइन अथवा निर्वाचन कार्यालय में जाकर वोटर कार्ड बनवाने की सलाह दी।



छात्राओं ने पूरे गांव में पेम्पलेट्स लगाकर भी जागरूकता अभियान चलाया।

मतदान जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया तथा मतदान करने ग्रामवासियों एवं छात्राओं द्वारा शपथ भी ली गयी। अंत में छात्राओं ने मतदान, स्वच्छता एवं पल्स पोलियो की महत्ता बताते हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। संपूर्ण कार्यक्रम में रासेयो दलनायक शकुन्तला मीणा, अश्विनी पवार, शैलजा, पूर्वी ठाकुर, सोनाली चौहान, भावना व्यास, आरती मालवीय, आरती वर्मा, तनु परिहार, उर्मिला गौर, अर्चना परमार, कविता परमार, अनामिका शर्मा, का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम अधिकार डा. मंजरी अग्निहोत्री ने ग्रामवासियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शिविर में 35 छात्राओं ने सहभागिता की।

---

भोपाल, बुधवार 24 जनवरी, 2018 | 14

दैनिक भास्कर

**गर्ल्स कॉलेज के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को किया जागरूक**

मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई ने पंचामा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छता अभियान, रक्तदान, बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने के लिए प्रेरित किया। इसको लेकर गांव में रैली निकाली गई। फिर छात्राओं ने घर-घर जाकर वोटर कार्ड की जानकारी दी। साथ ही पल्स पोलियो की आवश्यकता, रक्तदान की उपयोगिता के बारे में बताया। इसके उपरांत गांव में मतदान जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अंत में छात्राओं ने मतदान, स्वच्छता एवं पल्स पोलियो की महत्ता बताने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति दी। इस मौके पर रासेयो दल नायक शकुंतला मीणा, अश्विनी पंवार, शैलजा, पूर्वी ठाकुर, सोनाली चौहान, भावना व्यास, आरती मालवीय, आरती वर्मा, तनु परिहार, उर्मिला गौर, अर्चना परमार, कविता परमार, अनामिका शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री उपस्थित थीं।

## *Voting awareness*

सीहोर जिला हरिभूमि 12

भोपाल, बुधवार 21 नवंबर 2018
haribhoomi.com

# मतदाता जागरूकता को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

विधानसभा निर्वाचन-2018 में जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े के निर्देशानुसार स्वीप के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।



सीहोर। मतदान जागरूकता के लिए रैली निकालती छात्राएं।

रैली के दौरान महिला मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए समझाया गया कि उनका एक-एक वोट निर्णायक होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को बिना किसी दबाव, लोभ या लालच के स्वविवेक से निर्णय लेकर नैतिक मतदान करना चाहिए। लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

# *AIDS Awareness Activities*

एड्स जागरूकता पेम्फलेट्स देते हुए






# *Sushashan saptah*

# सीहोर भास्कर

भोपाल, मंगलवार, 1 जनवरी 2019 | 20

## सफाई अभियान चलाकर छात्राओं ने मनाया सुशासन दिवस, ली शपथ

### कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का आयोजन

सीहोर| शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने सुशासन सप्ताह का आयोजन किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को सुशासन दिवस पर देश के पति निष्ठावान व समर्पण भावना रखने की शपथ दिलाई। इसके उपरांत छात्राओं ने कॉलेज परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

एनएसएस इकाई द्वारा 24 से 30 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के समापन अवसर के मौके पर छात्राओं द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस बीच कॉलेज परिसर की सफाई की गई।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए दिखाई डॉक्यूमेंट्री

इसी सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधी डॉक्युमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश अकोरिया, प्राणी शास्त्र प्राध्यापक डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं को जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संरक्षण की शुरूआत स्वयं से ही होनी चाहिए। यदि हम स्वयं जल, ऊर्जा, पेड़ आदि का संरक्षण करेंगे तभी दूसरों को भी प्रेरित कर अपनी प्रकृति को बहुत बड़े नुकसान से बचा सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में छात्रा पूजा मेवाड़ा, शैलजा, मोनिका व्यास, रिचा, आरती मालवीय, तनु परिहार, करिश्मा, सोनाली चौहान आदि छात्राएं उपस्थित थीं।

# *Yatayat Surksha*

: सीहोर : आष्टा : नसरुल्लागंज : देवा

• बुधनी • नसरुल्लागंज • श्यामपुर • रेहटी • सोनकच्छ

## सड़क सुरक्षा के लिए रैली निकाली गई



### पुलिस, देवास भोपाल कारीडोर प्रलि का सराहनीय प्रयास

जागरण, सीहोर

आवासीय विद्यालय प्राचार्य एवं कौशल विकास केंद्र सीहोर के सहयोग से देवास भोपाल कॉरीडोर प्रलि राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारियों द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली की शुरुआत भोपाल चौराहा से पुलिस अधीक्षक सीहोर राजेश सिंह चंदेल एवं उपपुलिस अधीक्षक समीर यादव द्वारा हरी झंडी दिखा कर की गयी। पुलिस प्रशासन सीहोर व देवास भोपाल कॉरीडोर द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने व दुर्घटना कम करने के लिए वाहन चालकों एमोटर सायकल चालकों, युवा ग्रामीणों व शहरी लोगों को यातायात नियम स्लोगन रैली और हाथ जोड़ निवेदन के साथ यातायात नियम पालन के लिए जागरूक किया जा रहा है। भोपाल देवास हाईवे के फिरोज खान, उमा शंकर पांडेय व यातायात प्रभारी सीहोर देव नारायण पांडेय द्वारा हाईवे से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी उपस्थित लोगों से गति सिमा का ध्यान रखने एवं समय व सही जगह पर ओवर टेक करने के निवेदन के साथ बताया की हमारा फर्ज है, की लोगों को दुर्घटना के शिकार होने से बचाएं। आम जन हेलमेट, सीटबेल्ट, गतिसीमा ओवर टेक, मोबाइल पर बात न करने, बाईक पर तीन सवारी न बिठाने, रात्रि मे डीपर का प्रयोग करने आदी यातायात नियमों का महत्व समझे और आये दिन हो रही मौतो को रोका जा सके। सड़क सुरक्षा के मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक बीके चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।